संख्या-29/2020/753/58-2020-280/2015

प्रेषक,

बी0एल0 मीणा,
प्रमुख सचिव।
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

उद्यान अनुभाग **लखनऊः दिनांकः 03 जून, 2020**

विषयः- जनपद स्तर पर गठित आपदा राहत दल में जिला उद्यान अधिकारी/अधीक्षक, राजकीय उद्यान को सम्मिलित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिव, कृषि विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र सं0-1587/पी0एस0ए0जी0-कैम्प/2020, दिनांक 31.5.2020 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित आपदा राहत दल में जिला उद्यान अधिकारी/अधीक्षक, राजकीय उद्यान को भी सम्मिलित कर उद्यान विभाग के संसाधनों का रोकथाम, बचाव तथा जागरूकता पैदा करने वाले कार्यों में उपयोग हो सके। कई जनपदों में यह व्यवस्था पूर्व से की जा रही है और इसे समस्त जनपदों में क्रियान्वित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(बी0एल0मीणा)
प्रमुख सचिव।

संख्या:29/2020/753/58-2020 तद्दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) प्रमुख सचिव, कृषि विभाग, उ0प्र0 शासन।
(2) समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0-द्वारा निदेशक।
(3) निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
(4) समस्त मण्डलीय उप निदेशक उद्यान, उ0प्र0-द्वारा निदेशक।
(5) समस्त जिला उद्यान अधिकारी/अधीक्षक, राजकीय उद्यान, उ0प्र0-द्वारा निदेशक।
(6) गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(इन्दुबाला कटियार)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in